बिहार के खाद्य-तेल का आवंटन

6224. **श्री एस०एस० अहलुवालिया :** क्या नागरिक आपूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार ने बिहार में, विशेषकर ग्रामीण क्षेत्रों में उपभोक्ताओं को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के माध्यम से खाद्य-तेल उपलब्ध कराने की कोई योजना बनाई है ;

(ख) क्या सरकार ने "धारा" ब्राण्ड के खाद्य तेल को प्रदेश में पर्याप्त मात्रा में उपलब्ध कराने हेतु कुछ ठोस कदम उठाए हैं ; और

(ग) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

नागरिक पूर्ति, उपभोक्ता मामले और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री कमालुद्दीन अहमद) : (क) राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों की मांग तथा अपने उपलब्ध आयातित खाद्य तेल की मात्रा के अनुसार केंद्रीय सरकार राज्यों तथा संघ राज्य क्षेत्रों को सार्वजनिक वितरण प्रणाली के लिए खाद्य तेल का आवंटन व आपूर्ति (इस समय पामोलीन) करती है। राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के भीतर सप्लाई किए गए पामोलीन का आगे और आवंटन करना तथा सार्वजनिक वितरण केंद्रों के तंत्र के जरिए उपभोक्ताओं को उसका वितरण करना एवं उसके लिए योजना, यदि कोई हो, तैयार करना ऐसे मामले हैं, जो संबंधित राज्यों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों के अधिकार क्षेत्र में आते हैं। तथापि, इस समय बिहार को खाद्य तेल की कोई भी मात्रा आबंटित नहीं की जा रही है, क्योंकि राज्य सरकार ने उसके लिए कोई मांग नहीं भेजी है।

(ख) और (ग) बिहार में फरवरी, 1993 में "धारा" ब्रांड खाद्य-तेल की बिक्री शुरु की गई थी तथा राज्य में धारा खाद्य तेल की बेची गई कुल मात्रा निम्नवत है :-

1992-93	
(फरवरी-मार्च)	419 मी० टन
1993-94	3113 मी० टन

Price rise of essential commodities

6225. SHRI GOPALRAO VITHALRAO PATIL: Will the Minister of CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS AND PUBLIC DISTRIBUTION be pleased to state:

(a) whether there is an abnormal increase in prices of essential commodities like sugar, edible oils etc.;

(b) if so prices of these items, month-wise for the last one year;

(c) the annual rate of inflation based on the provisional wholesale price index for the week ended March 26, 1994 and April 2, 1994 separately; and

(d) steps taken so far control price rise?

THE MINISTER OF STATE IN THE MINISTRY OF CIVIL SUPPLIES, CONSUMER AFFAIRS & PUBLIC DISTRIBUTION (SHRI KAMALUDDIN AHMED): (a) and (b) A Statement showing the month-wise wholesale price index numbers of 12 essential commodities from March, 1993 to March, 1994 is attached. (*See* Appendix 170, Annexure No. 126).

(c) *Weekending Annual Rate of inflation*

26.3.1994	+ 10.2 per cent.
2.4.1994	+ 10.5 per cent.